सभी छात्रों में असीमित क्षमताएं उनका सदुपयोग करें : राज्यपाल

- सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षा समारोह में विधि और फार्मेसी के छात्रों को दी गई उपाधि
- राज्यपाल ने कहा, राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज की बेहतरी के लिए दें सर्वश्रेष्ठ योगदान

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षा समारोह में विधि और फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कीं ● साभार संस्थान

जागरण संवाददाता, देहरादून : सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षा समारोह में पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने विधि और फार्मेसी के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्रों में असीमित क्षमताएं हैं, उनका सदुपयोग करें और राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज की बेहतरी के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

राज्यपाल ने गुरुवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध इस संस्थान के विधि और फार्मेसी के लिए वर्ष 2021-22 और 2022-23 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी अमृतकाल की पीढ़ी हैं और विकसित एवं विश्व गुरु भारत के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि आज आप नई यात्रा शुरू कर रहे हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी जड़ों को हमेशा याद रखें। कहा, हमें अपनी संस्कृति, विरासत और हमारी प्राचीन ज्ञान प्रणाली पर गर्व करना चाहिए और प्रत्येक नागरिक को समाज में एकता, एकजुटता और सद्भाव के लिए काम करना चाहिए। हम सभी एक जिम्मेदार नागरिक बनें और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को ईमानदारी एवं नैतिकता के साथ निभाएं, जिससे देश को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमेशा बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम करें। राज्यपाल ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ठता की दिशा में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा ने सभी का स्वागत किया। दीक्षा समारोह में विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, संस्थान के निदेशक वीके माहेश्वरी, निदेशक (प्रशासन) डीके त्यागी आदि मौजूद रहे।

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें
www.jagran.com